राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

संख्या–27/2025

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने होली के अवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएँ दी

पटना, 13 मार्च, 2025 :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने होली के पावन अवसर पर सभी बिहारवासियों व देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि होली असत्य पर सत्य और दुराचार पर सदाचार की विजय का पर्व है तथा समाज में एकता, भाईचारा और सद्भावना का संदेश देता है।

राज्यपाल ने राज्यवासियों से इस त्योहार को आपसी प्रेम और सौहार्द्र के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने कामना की है कि रंग, उमंग और आनंद का यह त्योहार समस्त बिहारवासियों के लिए सुख, समृद्धि और सौभाग्य लेकर आये तथा उनके जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करे।

....